**प्रेस नोट - दिनांक 20.10.2024**

**थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव**

UNNAO POLICE

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो चोरो को मय चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 19.10.2024 को श्री राजबहादुर सिंह पुत्र शिशुपाल निवासी ग्राम समदपुर भावा थाना हसनगंज जनपद उन्नाव द्वारा थाना हसनगंज पर तहरीरी सूचना दी गई दिनांक 09.10.2024 को उसकी मोटर साइकिल नं0- UP32 EX 2612 को रात्रि में घर के बाहर से अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हसनगंज पर मु0अ0सं0 247/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था तथा त्वरित कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 20.10.2024 को उ0नि0 श्री थान सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्त 01.अवधेश पुत्र बाबुलाल नि0ग्राम सूरजखेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष 02. रामचन्द्र पुत्र मोहनलाल नि0ग्राम विशुन खेड़ा थाना हसनगंज उन्नाव उम्र करीब 49 वर्ष को चोरी की गई बाइक बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.अवधेश पुत्र बाबुलाल नि0ग्राम सूरजखेड़ा थाना हसनगंज,उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष

2.रामचन्द्र पुत्र मोहनलाल नि0ग्राम विशुन खेड़ा थाना हसनगंज,उन्नाव उम्र करीब 49 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-** एक चोरी की गई मोटर साइकिल नं0- UP32 EX 2612 बरामद

## गिरफ्तारी करने वाल टीम-

उ0नि0 श्री थान सिंह थाना हसनगंज उन्नाव।

हे0का0 शहीम खान थाना हसनगंज उन्नाव।

का0 अंकित कुमार थाना हसनगंज उन्नाव।



UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 20.10.2024**

**थाना पुरवा, जनपद उन्नाव**

# सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस प्रशासन से अभद्रता करने तथा सड़क जाम कर उपद्रव करने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, पुलिस प्रशासन से अभद्रता करने तथा सड़क जाम कर उपद्रव करने वाले 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 19.10.2024 को थाना पुरवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सेमरीमऊ में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्युत बकाया वसूली हेतु 05 हजार रुपये से अधिक बकायदारों के संयोजन विच्छेदन का कार्य किया जा रहा था उसी दौरान ग्राम के कुछ व्यक्तियों द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते हुए कार्य सरकारी में बाधा पहुंचायी गयी जिस पर बिजली विभाग के कर्मचारी शिवनाथ (टेक्नीशियन) पुत्र सालिकराम 33/11 विद्युत उपकेन्द्र पुरवा, स्थायी पता ग्राम घोघी पोस्ट शेखपुरनगरी थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव द्वारा थाना पुरवा पर शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसके आधार पर थाना पुरवा पर मु0अ0सं0 281/2024 धारा 121(1)/132/131/352/351(2) बी.एन.एस. 2023 बनाम नरेन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव व अन्य पंजीकृत किया गया था। सूचना पर उ0नि0 श्री शिवपाल सिंह मय फोर्स के मौके पर जाकर बिजली विभाग के कर्मचारीगण के साथ अभद्रता करने वाले नरेन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव को मौके पर गिरफ्तार कर थाना लाया जा रहा था तभी पीछे से 01. अरुण दीक्षित पुत्र कैलाशनारायण नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव 02. शिवम सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह नि0ग्राम अचलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव 03.कपिल सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह नि0ग्राम अचलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव 04. श्रेयांस चौधरी पुत्र सर्वेश चौधरी नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव व लगभग 50-55 लोग हाथों में लाठी डंडो लेकर नरेन्द्र उपरोक्त को छुड़वाने का प्रयास करने लगे और नरेन्द्र उपरोक्त ने भी भीड़ का समर्थन करते हुए भीड़ का हिस्सा बनना चाहा किन्तु पुलिस बल द्वारा भीड़ को अलग करते हुए नरेन्द्र उपरोक्त को थाना परिसर में लाया गया। जिसके बाद उक्त उपद्रवीयों द्वारा पुरवा-मौरावां मुख्य मार्ग पर जाम लगाने का प्रयास किया गया जिन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा पुनः समझाया गया किन्तु उक्त भीड़ पुलिस की घेराबन्दी करते हुए ईंटा पत्थर फेंकने लगे तथा आने जाने वाली जनता के साथ अभद्रता करने लगे जिससे आम जनता, दुकानदार, वाहन चालक व सवारियों में दहशत फैल जाने के कारण सभी यहां वहां अपनी

दुकान व वाहन छोड़कर भागने लगे। मौके पर सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में पुलिस फोर्स द्वारा आवश्यक बल उपयोग करते हुए भीड़ को तितर बितर किया गया तथा मौके से अराजकता फैलाने व कार्य सरकार में बाधा पहुंचाने वाले में से 1.अरुण दीक्षित पुत्र कैलाशनारायण नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव 2.शिवम सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह नि0ग्राम अचलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव 3.कपिल सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह नि0ग्राम अचलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव 4.श्रेयांस चौधरी पुत्र सर्वेश चौधरी नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण उपरोक्त के सम्बन्ध में उ0नि0 शिवपाल सिंह थाना पुरवा उन्नाव द्वारा प्रस्तुत की गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 283/24 धारा 191(2)/191(3)/262/352/121(1)/132/125/285/127(1)/49 बी.एन.एस 2023 व 7 CL ACT बनाम 1.अरुण दीक्षित 2.शिवम सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह 3.कपिल सिंह पुत्र वीरेन्द्र 4.श्रेयांस चौधरी पुत्र सर्वेश चौधरी 5.नरेन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद उपरोक्त व अन्य 50-55 व्यक्ति पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

1.अरुण दीक्षित पुत्र कैलाशनारायण नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव
2.शिवम सिंह उर्फ छोटू सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह नि0ग्राम अचलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव
3.कपिल सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह नि0ग्राम अचलखेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव
4.श्रेयांस चौधरी पुत्र सर्वेश चौधरी नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव
5.नरेन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद नि0ग्राम सेमरीमऊ थाना पुरवा जनपद उन्नाव

**बरामदगी का विवरण-** ईंट पत्थर के टुकड़े,लाठी डंडा,एक एन्ड्राइड मोबाइल फोन

## गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण

1.प्र0नि0 राकेश कुमार गुप्ता
2.उ0नि0 शिवपाल सिंह
3.उ0नि0 सभाजीत सिंह चौहान
4.उ0नि0 सियाराम चौरसिया
5.हे0कां0 राजेन्द्र सरोज
6.हे0कां0 सुधाकर सिंह यादव
7.हे0कां0 सर्वेश यादव
8.कां0 सतेन्द्र कुमार
9.कां0 किशन सिंह
10.कां0 प्रदीप कुमार
11.कां0 हर्ष अहलावत
12.कां0 वीरेन्द्र सागर
13.कां0 प्रशान्त सिंह

